
# त्रिवेणी धाम के श्री गणेश मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर में बड़ी चोरी

**पावटा।** शाहपुरा क्षेत्र के प्रसिद्ध त्रिवेणी धाम स्थित श्री गणेश मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर में बीती रात बडी चोरी की वारदात सामने आई है। चोर मंदिर से करीब 7 किलो 500 ग्राम चांदी के छत्र व मुकुट चोरी कर ले गए, वहीं दोनों मंदिरों के दान पात्र तोड़कर उसमें रखी नकदी भी पार कर दी। घटना के बाद क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है तथा सुबह से ही बडी संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जता रहे हैं। जानकारी के अनुसार चोरों ने रात करीब 01:10 बजे से 01:50

■ **चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश**

बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया। श्री गणेश मंदिर से 3 किलो 250 ग्राम वजन के चांदी के छत्र एवं चार चांदी के मुकुट जिनका कुल वजन लगभग 4 किलो 250 ग्राम बताया जा रहा है, चोरी कर लिए गए। इसके अलावा मंदिर के दो दान पात्र तोड़कर उसमें रखी पूरी राशि भी चोर अपने साथ ले गए।

इसी दौरान त्रिवेणी धाम स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी चोरों ने दान पात्र का ताला तोड़कर नकदी चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि वारदात बेहद शातिर तरीके से की गई। मंदिर के दोनों ओर कमरों में पुजारी सो रहे थे, बावजूद इसके चोर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना को लेकर एक और बडी बात सामने आई है कि त्रिवेणी धाम चौकी प्रभारी रात 01:46 बजे मंदिर क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थे, इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। इससे श्रद्धालुओं में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खडे हो गए हैं। चोरी की सूचना मिलते ही शाहपुरा थाना प्रभारी रिया चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मंदिर परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने श्रद्धालुओं को भरोसा दिलाया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं नगर परिषद के पूर्व प्रतिपक्ष नेता गिरधारी लाल पलसानिया, भाजपा नेता उपेन यादव, भाजपा उपाध्यक्ष रविना देवी भी मौके पर पहुंचे और मंदिर समिति व श्रद्धालुओं से मुलाकात की। विधानसभा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 20 स्थानों पर नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें से 16 कैमरे चालू हो चुके हैं ।



**शाहपुरा क्षेत्र के प्रसिद्ध त्रिवेणी धाम स्थित श्री गणेश मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर में चोरी की घटना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया।**

## संक्षिप्त

### निवाई शहर में एक दिन में दो चोरी

**टोंक।** निवाई थाना क्षेत्र में चोरी और जेबकतरी की दो घटनाएं सामने आई हैं। इस दौरान उपजिला अस्पताल निवाई में एक मरीज की जेब से 3500 रुपए नकद और डॉक्यूमेंट चोरी हो गए, जबकि जिरात बाबा रोड से एक घर के बाहर खडी बाइक चुरा ली गई। दोनों मामलों में पीड़ितों ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपजिला अस्पताल में बंटी जायसवाल जब दवाई लेने पहुंचे थे, तो इसी दौरान जेबकतरे ने उनकी जेब से पर्स निकालकर उसमें रखे 3500 रुपए की नकदी के साथ-साथ एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, क्रेडिट कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज भी लेकर फरार हो गये। घटना का पता चलने पर जायसवाल ने अस्पताल परिसर और आसपास तलाश की, लेकिन पर्स नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने अज्ञात जेबकतरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दूसरी घटना जिरात बाबा रोड की है, जहां अल्ताफ हुसैन पुत्र जमील हुसैन अपनी बाइक घर के बाहर खडी करके और अंदर चले गए थे तथा खाना खाने के बाद जब वह बाहर आए, तो बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। अल्ताफ हुसैन ने भी अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करवाई है। थाना प्रभारी घासीराम ने बताया कि दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

### क्षेत्रीय विकास व जनहित मुद्दों पर हुई चर्चा

**विराटनगर।** विधानसभा क्षेत्र के जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर विधायक कुलदीप धनखड़ ने रविवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, आमजन से जुड़ी समस्याओं एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक धनखड़ ने क्षेत्र की सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यों को गति देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनहित से जुड़े विषयों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री से प्राप्त मार्गदर्शन से क्षेत्र में विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### किसानों की जल यात्रा 27 से

**निवाई।** क्षेत्र में ईआरसीपी योजना के अंतर्गत ईसरदा बांध से नहरी तंत्र को जोड़ने की मांग को लेकर किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में जल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में क्षेत्र के किसानों को एकजुट कर खेत को पानी व फसल को दाम के संकल्प को दोहराया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि जल यात्रा का शुभारंभ 27 मई को सुबह पहाडी में कलश यात्रा के साथ होगा।

## अवैध गांजा तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर (निस)।** जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत थाना लखनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 201 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उच्चैन बाबूलाल आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी नदबई अमरसिंह आरपीएस के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी लखनपुर विजयसिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 16 मई 2026 को पुलिस टीम गश्त एवं नाकाबंदी पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि डहरा मोड़ के पास ग्राम रैना जाने वाली सड़क पर सरकारी भांग ठेका के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है।

पुलिस वाहन को देखकर वह भागने लगा, जिस पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से प्लास्टिक की थैली बरामद हुई।

## ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 22 मई

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 मई तक होंगे एवं 1 जुलाई से कक्षाओं का शुभारंभ होगा। स्नातक प्रवेश प्रभारी प्रो. मदनमोहन महावर ने बताया कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तलय ने सरकारी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश तिथि में 22 मई तक की वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि शैक्षिणक सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय में गणित एवं जीव-विज्ञान विषय में आवेदन हो रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन 22 मई तक होंगे और वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 26 मई को होगा। वरियता सूची एवं प्रतीक्षा सूची के सभी विद्यार्थियों के डाक्यूमेंट सत्यापन करवाने के बाद एवं ईमित्र पर 30 मई तक फीस जमा होगी।

उन्होंने बताया कि ट्रांसजेंडर व शहीदों के पुत्र पुत्रियों व जिनके माता-पिता दोनों अथवा जिन छात्राओं के पति की मृत्यु कोविड से हो गई है, उन्हें भी न्यूनतम उत्तीर्णांक पर प्रवेश दिया जाएगा। सह शिक्षा वाले कॉलेज में 30 फीसदी सीट छात्राओं के लिए रिजर्व रहेंगे। प्राचार्य प्रो. मीनाक्षी बघेल ने बताया कि विद्यार्थियों की आवेदन ऑनलाइन या आवेदन ई मित्र या अपने स्तर पर विद्यार्थी भर सकेंगे। आवेदन में सबसे पहले विद्यार्थी को एसएसओ आईडी बनानी होगी। इसी के माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया होगी। कक्षा 10 वीं 12 वीं की मार्कशीट, कैटिगरी सर्टिफिकेट व बोनस अंक के लिए क्लेम वाले प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे।

## व्यक्ति का कर्म ही पूजा हैं : ऐश्वर्या सिंह

**निवाई।** बार एसोसिएशन के तत्वावधान में रामाज होटल में सम्मान समाराह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने एजेएम ऐश्वर्या सिंह एवं एसीजेएम रवींद्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया।

■ **लोगों को समय पर मिले सच्चा व सरल न्यायः रवींद्र प्रताप**

एजेएम ऐश्वर्या सिंह ने कहा कि व्यक्ति का कर्म ही पूजा हैं। अपने काम कों ईमानदारी व लगन से करें। परिवादी को समय पर न्याय मिले। जिसके लिए बार एवं बैंच में सामंजस्य रहे। एसीजेएम रवींद्र प्रताप सिंह ने कहा कि न्यायालय में परियादी को किसी प्रकार की समस्या नही हों। न्यायालय में लोगों को समय पर सच्चा व सरल न्याय दिलवाए। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि एजेएम ऐश्वर्या सिंह एवं एसीजेएम रवींद्र प्रताप सिंह ने निष्पक्षता, अनुशासन व न्यायिक मर्यादाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

इनके व्यवहार, कार्यशैली व न्यायिक निर्णयों ने अधिवक्ताओं एवं आमजन के बीच विशेष पहचान बनाई है। अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष सीताराम शर्मा एवं महासचिव रामजीलाल जाट ने अधिकारियों के न्यायिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर एडीजे न्यायाधीश सृष्टि चौधरी, एसीबी टोंक एसीपी झाबरसिंह यादव, एडवोकेट बनवारी लाल यादव, नरेंद्र चौधरी, दयाराम गुर्जर, तेजभवर सिंह, रामकल्याण पूनिया, रमेशकुमार शर्मा, शिवराज जाट, किशन सैनी, अशोक लांगडी, मनीष जाट, अंकित चौधरी, भागचंद बैरवा, विनोद जाट, गौरव सैनी व जितेंद्र बाकोलिया सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## 20 को कैमिस्टो का बंद प्रस्तावित

**फुलेरा।** सांभर बाईपास रोड पर स्थित होटल श्रीद् में रविवार को फुलेरा केमिस्ट एसोसिएशन की आवश्यक बैठक एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केमिस्टों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। एसोसिएशन के महामंत्री राजेश चौधरी ने बताया कि कैमिस्ट एसोसिएशन की प्रमुख मांगों को लेकर बुधवार 20 मई को प्रस्तावित ऑल इंडिया केमिस्ट बंद को लेकर चर्चा करते हुए सभी केमिस्टों ने अपना समर्थन देने पर सहमति जताई। बैठक के अंत में केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में महावीर बेनाडा, राजेश चौधरी, रेवती रमण, भूपेंद्र बंजारा, हिमांशु दाधीच, विकास कुमावत, हुकमाराम जाट, राजकुमार चौधरी, राकेश चौधरी, बलवीर सिंह, रूपनारायण चौधरी, बनवारी लाल चौधरी, मयंक तिवारी, अविनाश दाधीच सहित अनेक केमिस्ट उपस्थित रहे।

## गालावास माताजी मंदिर में लाखों की चोरी, पुलिस की देरी पर भड़के ग्रामीण

**पावटा ।** विराटनगर थाना क्षेत्र की मैड पुलिस चौकी के निकट स्थित गालावास गांव में माताजी के मंदिर में हुई चोरी की वारदात से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। अज्ञात चोर मंदिर से लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण एवं धार्मिक सामग्री चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस के देर से मौके पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। मंदिर के पुजारी हनुमान मीणा निवासी गालावास ने बताया कि चोर मंदिर से माता जी के 15 चांदी के छत्र, सोने की नथ, टीका, मंगलसूत्र, चांदी की पाजेब तथा पीतल की तीन झल्लर चोरी कर ले गए। वहीं चोरों ने मंदिर के दानपात्र को तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। ग्रामीणों के अनुसार चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना देने के लिए जब वे मैड पुलिस चौकी पहुंचे तो चौकी बंद मिली। इसके बाद दूरभाष के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे नाराज ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और लापरवाही के आरोप लगाए। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में पुलिस गश्त नाममात्र की रह गई है, जिसके कारण चोरी और अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

लोगों का कहना है कि चौकी पर स्थाई पुलिस व्यवस्था नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त शुरू करने की मांग की है। मंदिर में हुई चोरी की घटना के बाद पूरे गांव में रोष का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## मंत्री चौधरी ने रात्रि चौपाल में सुनी जनसमस्याएं

**टोंक(निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार देर सायं को बगरू के ठीकरिया ग्राम से वीसी के जरिए प्रदेशभर में आयोजित ग्राम रथ समापन समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिले की मालपुरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदसेन में आयोजित ग्राम विकास चौपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों ने यह लाइव प्रसारण देखा। इस कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया

■ **कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान एक घुमंतू गाडिया लोहार परिवार की बालिका के बीए पास करने पर अपने निजी कोष से स्कूटी प्रदान करने की घोषणा की**

लाल चौधरी, जिला कलेक्टर टीना डाबी समेत जिले के आला अधिकारी भी जुडे। कार्यक्रम के पश्चात कैबिनेट मंत्री ने रात्रि चौपाल कर ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुना एवं अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने लगभग 70 से अधिक परिवादों को सुना। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान एक घुमंतू गाडिया लोहार परिवार की बालिका के बीए पास करने पर अपने निजी कोष से स्कूटी प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर जलदाय मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को सम्मान निधि, पशुपालकों को ब्याजमुक्त ऋण तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में सहकारिता एवं डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाया जा रहा है तथा किसानों को आधुनिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।


**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम एम डी रिजवान अहमद से बदलकर मोहम्मद रिजवान अहमद पुत्र एहतेशाम अहमद रख लिया है आगे से मुझे इसी नाम से जाना वह पहचाना जाये पता 4घ10 हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-4 शास्त्री नगर जयपुर राजस्थान 302016

**नम्बर मिलाइए 8890333139**

**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


## संतों से आशीर्वाद लिया

**निवाई।** श्री राला बाबा धाम किवाड़ा में नो दिवसीय 108 सुरभि गोपुष्टियाग एवं श्रीराम कथा व नानी बाई का मायरा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महोत्सव को लेकर राला बाबा की भव्य एवं आकर्षक झांकी सजाई गई। इस दौरान शंख घंटियों की पावन ध्वनि से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में संजीव झांकियां, पारंपरिक अनुष्ठान एवं मनमोहक भक्ति प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत आकर्षण का केंद्र रही। श्रीराम कथा में रामलला सेवा समिति अयोध्या धाम के अध्यक्ष डॉ. आचार्य राजानंद शास्त्री ने राला बाबा के दर्शन करके खुशहाली की मनोकामना की। गौ संत प्रकाशदास महाराज के सानिध्य में राला बाबा सेवा समिति द्वारा शॉल ओढाकर श्रीफल भेंट करके उनका हार्दिक स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि यदि गौ माता व संत समाज सुरक्षित है तो सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर दयालदास महाराज, चन्द्रमादास महाराज, प्रकाश महाराज, रामलखन दास महाराज व गौपालदास महाराज सहित कई संत व श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार नागौर सांसद व आरएलपी पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने राला बाबा धाम आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर संतो से आर्शीवाद लिया। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि आरएलपी पार्टी किसान व गांवों के विकास के लिए कटीबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आ ान किया की आने वाले चुनावों के लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कसें।

## 'चौपाल में पानी, बिजली और रोजगार पर तेजी से कार्य'



**भारतीय जनता पार्टी मेहंदवास मंडल में नन्दलाल मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम पंचायत छान में ग्राम रथ अभियान समापन समारोह आयोजित हुआ।**

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी मेहंदवास मंडल में नन्दलाल मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम पंचायत छान में ग्राम रथ अभियान समापन समारोह आयोजित हुआ।

इस दौरान अध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में ग्राम रथ से ग्राम विकास चौपाल से सरकार गांव-गांव तक पहुंची, किसानों, महिलाओं और युवाओं को योजनाओं से जोड़ा गया।नन्दलाल छान ने कहा कि पानी, बिजली और रोजगार पर तेजी से काम हुआ है। सरकार विकास का रोडमैप बनाकर आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि वेन के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्राम रथ अभियान का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री के संदेश को हर घर तक पहुंचाना है। इसमें सरकार की अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता को प्रमुखता से दिखाया गया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन गोपाल चौधरी, पूर्व प्रधान जगदीश गुजर,मंडल प्रभारी शंकर विजय,महामंत्री महेंद्र सिंह सहित सैकडो कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**कोटपूतली ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत देश भर के विभिन्न संगठनात्मक जिलों में जिला प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राजमार्ग स्थित होटल तिरुपति में जयपुर देहात उत्तर जिला प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम दिवसीय सत्र संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने बताया कि इन प्रशिक्षण वर्गों का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का उद्घाटन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा किया गया। जिला महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं से आ ान करते हुये कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राष्ट्र प्रथम की भावना, सादगी एवं सेवा भाव को अपने राजनीतिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा का इतिहास एवं विकास, संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धित तथा समाज सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का आ ान किया। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में पं. दीनदयाल उपाध्याय की नीतियों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि उनकी विचारधारा सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खडे गरीब एवं वंचित वर्ग के उत्थान पर केंद्रित रही है। वर्तमान में भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनायें भी इसी सोच को आधार बनाकर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांत हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा पहुँचाने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में जयपुर महापौर एवं कार्यक्रम प्रभारी सौम्या गुर्जर, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी तथा जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत भारद्वाज, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण शिविरों एवं अभियानों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों से जोडने का कार्य करती रही है, ताकि कार्यकर्ता समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन कर सकें। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया। ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक ऊर्जा एवं सेवा भाव को नई दिशा प्रदान करते हैं। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित राजस्थान के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के इतिहास से जुडी चित्र प्रदर्षनी भी लगाई गई। इस दौरान भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, जिला संगठन सह प्रभारी सारिका चौधरी, नागेन्द्र सिंह, कमलेष प्रजापति समेत बडी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

### सुरक्षा गार्डो का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी द्वारा सुरक्षा गार्डों का ड्यूटी समय 08 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे किये जाने के विरोध में सुरक्षा गार्डो द्वारा कम्पनी के गेट नं. 02 पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्षन किया जा रहा हैं। सुरक्षा गार्डो ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना और हमारी सहमति के ड्यूटी समय 08 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे कर दिया है। भारतीय श्रम कानून के अनुसार सामान्य कार्य अवधि 08 घंटे निर्धारित है, जबरन 12 घंटे काम कराना नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। लगातार 12 घंटे की कडी ड्यूटी करने से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है और अत्यधिक शारीरिक व मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। इससे हमारे सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर भी बुरा असर पड रहा है। कार्य के घंटे बढ़ाने के बावजूद वेतन में उस अनुपात में कोई संतोषजनक वृद्धि नहीं की गई है, जो कि सरासर अन्याय है। सुरक्षा गार्ड कार्य समय को पुन: 08 घंटे किये जाने, यदि विशेष परिस्थितियों में अतिरिक्त कार्य (ओवरटाईम) लिया जाता है, तो उसका भुगतान नियमानुसार दोगुना दिया जाने, कंपनी परिसर में श्रम विभाग के नियमों की कड़ाई से पालना करवाने, पीने के पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की तुरंत व्यवस्था किये जाने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। रविवार को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना व कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली ने धरना स्थल पर पहुंचकर धरणार्थियों का समर्थन किया। इस मौके पर कसाना ने कहा कि कंपनी प्रशासन अपनी हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है और सुरक्षा गार्डो की जायज मांगों को अनदेखा किया जा रहा हैं। वहीं तारा पूतली ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जब तक सुरक्षा गार्डों को उनका अधिकार और सम्मान नहीं मिलता, तब तक यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। कसाना व तारा पूतली ने कहा कि सुरक्षा गार्ड लगातार 12 घंटे ड्यूटी करने को मजबूर हैं। ना पीने के पानी की उचित व्यवस्था, ना आराम की सुविधा, ऊपर से लगातार घंटों खडे रहकर सतर्क ड्यूटी करने से सुरक्षा गार्डो का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और मानसिक तनाव भी लगातार बढ़ रहा है। जो गार्ड दिन-रात कंपनी की सुरक्षा में खड़े हैं, आज वहीं अपने अधिकारों और सम्मान के लिये लडने को मजबूर हैं। यदि जल्द मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो सभी गार्ड एकजुट होकर कम्पनी के सामने उठा आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी कंपनी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा गार्ड अब शोषण नहीं सहेंगे अपने हक और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे।

### वार्षिक उत्सव 2026 का भव्य आयोजन

**फुलेरा।** फुलेरा के शिवाजी नगर, बालाजी रोड स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को सायं 7:15 बजे विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन लाल कुमावत, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारी राजस्थान परमाणु बिजलीघर इकाई 1 एवं 2 रावतभाटा रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका फुलेरा के अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्ण चौधरी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में आदर्श शिक्षा समिति जयपुर के व्यवस्थापक सुभाष चंद्र झा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रतन राजोरा, समाजसेवी डॉ. गोपाल लाल नागा, भाजपा फुलेरा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत, दिगंबर समाज फुलेरा अध्यक्ष निलेश कुमार जैन एवं राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी राहुल गुलानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का विद्यालय प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्य द्वारा सम्मान किया गया। व्यवस्थापक बाबूलाल शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, शारीरिक प्रदर्शन एवं ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्षिता एवं रामेश्वर लाल कुमावत ने किया। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष दिनेशचंद शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आमजन व अभिभावकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### मांगों को लेकर दो दिन हड़ताल पर रहेंगे बैंककर्मी

**निवाई।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के आ ान पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी 16 सूत्रिय मांगों को लेकर 25 व 26 मई को देशव्यापी हडताल पर रहेंगे। जिसके दौरान हड़ताल से पूर्व शनिवार व रविवार का अवकाश होने से 4 दिन तक बैंक बंद रहेंगे। आंदोलन के रोडमैप के तहत सोमवार को सभी जोनल व प्रशासनिक कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। एसबीआईएसए के क्षेत्रीय सचिव गौरव कुमार गौतम ने बताया कि बैंक कर्मचारी मैसेंजर व आर्म्ड गार्ड की भर्ती करवाने, पेंशन फंड मैनेजर विकल्प को एनपीएस कर्मचारियों के लिए लागू करवाने, 2019 के बाद शामिल हुए कर्मचारियों के लिए इंटर सर्कल ट्रांसफर की सुविधा दिलवाने, स्थाई नौकरियों का आउटसोर्सिंग बंद करवाने, पर्याप्त स्टाफ की भर्ती करवाने, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में वेतन असमानता को दूर करवाने, करियर प्रोठोशन स्कीम की समीक्षा करवाने, 7वें बीपीएस सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन में सभी वेतन घटकों को शामिल करवाने, एचआरएमएस जुडे मुद्दों का समाधान करवाने की मांग की है।